Regarding extension of timeline for uploading data on UMEED portal due to technical hurdles

श्री इमरान मसूद (सहारनपुर) : धन्यवाद मैडम, आपने लोक महत्व के इस महत्वपूर्ण विषय के ऊपर मुझे बोलने का समय दिया। उम्मीद पोर्टल के ऊपर पूरे देश से लगातार यह शिकायतें मिल रही हैं कि उम्मीद पोर्टल के अंदर टेक्निकल प्रॉब्लम है और वह खुल नहीं पा रहा है । न खुलने के कारण उसके अंदर जो तकनीकी कमी है, उसकी वजह से प्रॉपर्टी का डाटा अपलोड नहीं हो पा रहा है ।

पूरे देश का मुसलमान इस बात को लेकर परेशान है और आपके माध्यम से मैं केवल एक डिमांड करना चाहता हूं कि इसकी समय-सीमा बढ़ा दी जाए । चूंकि अभी तक 40 प्रतिशत से अधिक प्रॉपर्टी अपलोड नहीं हो पाई है, उनका रजिस्ट्रेशन नहीं हो पाया है । ऐसी स्थिति के अंदर जो कानून बना है उसके अंदर आपने यह प्रावधान कर दिया है कि जो रजिस्टर्ड नहीं होगा, वह प्रॉपर्टी नहीं जाएगी । धन्यवाद मैडम ।